
## एक नजर में

### पीजी कॉलेज ग्राउंड में ईनामी दंगल आज

सिवनी। भैरोगंज दंगल आयोजन समिति के द्वारा बताया गया कि दिनांक 18/01/2025 दिन रविवार को शहर के पी जी कॉलेज ग्राउंड में विशाल ईनामी दंगल का आयोजन रखा गया है वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन उपस्थित रहेंगे 7साथ ही दंगल समिति के आयोजक भूरा पहलवान द्वारा बताया गया कि दंगल में स्थानीय और राज्य स्तरीय पहलवान दंगल में अपनी कला का प्रदर्शन करने पहुँच रहें है वही दंगल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या पहुंचने की अपील की है ।

### भटेखारी में शिव महापुराण व रुद्र यज्ञ 22 से



कान्हीवाड़ा। ग्राम पंचायत भटेखारी के हनुमान मंदिर परिसर में आगामी 22 जनवरी से संगीतमय शिव महापुराण कथा एवं रुद्र यज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। प्रतिवर्षानुसार आयोजित होने वाले इस धार्मिक महोत्सव में क्षेत्र के श्रद्धालु भक्ति रस का आनंद लेंगे ।आयोजन का शुभारंभ 22 जनवरी को सुबह 10 बजे कलश शोभा यात्रा के साथ होगा। प्रतिदिन सुबह 7 से 11 बजे तक रुद्राभिषेक व शिवपुराण परायण संपन्न होगा, जिसके पश्चात दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक श्रोता संगीतमय कथा का रसपान कर सकेंगे। इस नौ दिवसीय अनुष्ठान का समापन 30 जनवरी (शुक्रवार) को सुबह 10 बजे पूर्णाहुति हवन एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। आयोजन समिति और समस्त ग्राम पंचायत भटेखारी ने धर्मप्रेमी बंधुओं से सपरिवार कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।



### नर्मदा परिक्रमा करने वालों की सेवा कर रहा केंटीन संचालक

घंसौर। मां नर्मदा परिक्रमा के दौरान यात्रियों की सेवा में लगे संस्कार कैंटीन के संचालक राकेश यादव, (भोजन सेवा) करने वाले लोग मां नर्मदा के प्रति अपनी श्रद्धा और सेवाभाव के प्रतीक हैं, जो परिक्रमा वासियों को चाय, नाश्ता, नि:शुल्क भोजन, जल और आश्रय प्रदान करते हैं जिससे यह कठिन यात्रा आसान बनती है यह सेवा परिक्रमा के आध्यात्मिक और शारीरिक पहलुओं को सहारा देती है, पतित पावनी मां नर्मदा की परिक्रमा के महत्व से प्रत्येक सनातनी भलीभांति परिचित है, नर्मदा पथ पर चलने का सौभाग्य हर किसी को प्राप्त भी नहीं होता जो इस पथ पर चल अपनी परिक्रमा पूरी करता है वह ना केवल सौभाग्यशाली होता है बल्कि ऐसे भक्त की आने वाली पीढ़ियों को भी पुण्य लाभ प्राप्त होता है, किंतु ऐसे पथगामी नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा करना भी बड़ा पुण्य का कार्य है इस सेवा को करने का अवसर जिसे जितना भी मिल जाये करने से वंचित नहीं होना चाहिए। यह बड़े ही सौभाग्य की बात है कि तहसील मुख्यालय घंसौर नर्मदा परिक्रमा पथ पर स्थित है जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में मां नर्मदा के भक्त परिक्रमा करते हुए देखे जाते हैं कोई पैदल तो कोई अपने-अपने साधनों से परिक्रमा करता हुआ इसी पथ से होकर गुजरता है घंसौर मुख्यालय में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण परिक्रमा वासियों की सेवा करते हैं खैरमाई मंदिर में विश्राम एवं भोजन प्रसादी की व्यवस्था पूरे साल उपलब्ध रहती है जिसमें लोग बढ़चढ़कर सेवा करते हैं वहीं घंसौर अस्पताल के सामने संस्कार केंटीन स्थित है जिसके संचालक राकेश यादव एवं उनका पूरा परिवार भी नर्मदा परिक्रमा वासियों की सालभर सेवा में जुटा रहता है।, बताया जाता है कि मुख्य मार्ग पर उनकी दुकान स्थित है जहां से गुजरने वाले परिक्रमा वासियों की सेवा करने से वह जरा भी विमुख नहीं होते।

# स्लॉट बुकिंग नहीं होने से किसान परेशान

धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग

**सिवनी नवभारत। जिले में समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी को लेकर किसानों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। उपार्जन साफ्टवेयर में आई तकनीकी समस्याओं के चलते बड़ी संख्या में किसान धान विक्रय के लिए स्लॉट बुक नहीं कर पाए हैं। ऐसी स्थिति में किसानों और किसान संगठनों द्वारा जिला प्रशासन से धान खरीदी की तिथि एवं स्लॉट अवधि बढ़ाए जाने की मांग की जा रही है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, धान विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 13 जनवरी निर्धारित थी। लेकिन 09 जनवरी से उपार्जन साफ्टवेयर में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण किसानों के स्लॉट बुक नहीं हो सके। कई किसान खरीदी केंद्रों के चक्कर काटते रहे, लेकिन सर्वर डाउन, लॉगिन न होने और तकनीकी त्रुटियों के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। इसका सीधा असर उन किसानों पर पड़ा है जिनकी धान पहले से तैयार पड़ी है और जिनकी आर्थिक स्थिति पूरी तरह धान विक्रय पर निर्भर है।

किसानों का कहना है कि यदि स्लॉट बुक नहीं होता है तो वे धान बेचने से वंचित रह जाएंगे, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। वहीं, कई किसानों ने यह भी बताया कि लंबे समय से धान खुले में रखी है, जिससे मौसम खराब होने या नमी बढ्ने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में यदि खरीदी की तिथि नहीं बढ़ाई गई तो किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है।

किसान संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि उपार्जन साफ्टवेयर की तकनीकी समस्या को तत्काल दूर कराया जाए और जिन किसानों के स्लॉट तकनीकी कारणों से बुक नहीं हो पाए हैं, उनके लिए विशेष अवसर दिया जाए। साथ ही धान विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग की अवधि बढ़ाकर किसानों को राहत प्रदान की जाए।

इस संबंध में किसानों का कहना है कि यह उनकी गलती नहीं है, बल्कि पूरी तरह तकनीकी समस्या का परिणाम है। प्रशासन को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए किसानों के हित में निर्णय लेना चाहिए। अब सभी की नजरें जिला कलेक्टर के निर्णय पर टिकी हुई हैं कि किसानों की इस जायज मांग पर क्या कदम उठाए जाते हैं।





## पालकी में विराजमान होकर निकले प्रभु

**छपारा नवभारत।** नगर के तकिया वार्ड स्थित सुभाष ग्राउंड में चल रहे श्री 1008 मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के चौथे दिन शुक्रवार को पूरा नगर भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। वर्ष 2002 के बाद, यानी 23 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद नगर में आयोजित हो रहे इस ऐतिहासिक गजरथ महामहोत्सव में अपार जनसमूह उमड़ पड़ा। मुनि श्री 108 नीरजसागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 निर्मदसागर जी महाराज के सानिध्य और प्रतिष्ठाचार्य वाणी भूषण विनय भैयाजी के निर्देशन में चल रहे इस महोत्सव में शुक्रवार को जन्म कल्याणक मनाया गया। दोपहर लगभग 2:30 बजे कार्यक्रम स्थल से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। हाथी, घोड़े, ऊंट और सुसज्जित बग्घियों के साथ निकली इस रैली ने नगर की छटा ही बदल दी। शोभायात्रा सुभाष ग्राउंड से शुरू होकर महावीर वार्ड, लोधी वार्ड, शंकर मढ़िया होते हुए बस स्टैंड परिसर पहुंची और वहां से पुन: कार्यक्रम स्थल पर संपन्न हुई। लगभग ढाई किलोमीटर लंबी इस रैली को देखने के लिए मुख्य मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भीड़ जमा रही। लोग अपने घरों की छतों और सड़कों से इस ऐतिहासिक पल को अपने मोबाइल कैमरों में कैद करते देखे गए।

### पशु चिकित्सक डॉ शीतल गौतम की प्रमुख सचिव ने की प्रशंसा



**छपारा नवभारत।** जिले के छपारा नगर में पदस्थ मुख्य पशु चिकित्सक डॉ शीतल कुमार गौतम की प्रमुख सचिव मध्य प्रदेश पशु पालन विभाग ने की प्रशंसा. प्रमुख सचिव पशुपालन विभाग द्वारा डॉ. शीतल कुमार गौतम को सराहना पत्र भी जारी की गई। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव, आई.ए.एस. ने डॉ. शीतल कुमार गौतम, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी ,विकासखण्ड छपारा जिला सिवनी को एक विशेष पत्र (दिनांक 16.01.2026) के माध्यम से हार्दिक बधाई एवं प्रशंसा व्यक्त की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य स्तर पर कुल 2870 लक्षित पशु के विरुद्ध 3259 कृत्रिम गर्भाधान का कार्य दिसंबर तक ही पूर्ण किया गया।





## जिला कांग्रेस ने किया उपवास

**सिवनी नवभारत।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कचहरी चौक में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में बदलाव कर काम के कानूनी अधिकार को समाप्त करना, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से हुई मौत, प्रदेश में पानी की गुणवत्ता को लेकर उपवास किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी ने उपवास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस की सरकार द्वारा चलाई गई जनहितैषी योजना जिसमें गरीब, मजदूर किसानों को रोजगार की गारंटी थी इस योजना में 90 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा और 10 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाती थी, किन्तु केन्द्र की मोदी सरकार ने इस योजना के स्वरूप में बदलाव करते हुए 60 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार और 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करेगी, वर्तमान में मध्यप्रदेश सरकार कर्जे में चल रही है इस योजना के लिए राशि नहीं है यह बात केन्द्र सरकार भी अच्छे से जानती है केन्द्र सरकार की मंशा इस योजना को बंद करने की है। महात्मा गांधी के नाम का परिवर्तन जो मोदी सरकार ने किया है इससे स्पष्ट होता है कि स्वतंत्रता संग्राम के नायकों से भाजपा को कितनी नफरत है गांधी जी के संघर्षो के कारण दुनिया में भारत को एक पहचान मिली है।

## साजिद खान हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के नेतृत्व में एवं एएसपी दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती श्रृध्दा सोनकर के मार्गदर्शन में मृतक साजिद खान की घटना को अंजाम देने वाले दोनों शातिर आरोपियों को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।





गत 15 जनवरी को साजिद खान पिता माजिद खान उम्र 30 साल निवासी आजाद वार्ड सिवनी को मारपीट से घायल एंव संदिग्ध अवस्था मे जिला चिकित्सालय सिवनी मे इलाज के लिए भर्ती के दौरान मृत्यु होने संबंधी अस्पताल तहरीर थाना कोतवाली मे प्राप्त होने पर मर्ग पंजीबध्द किया गया।

मर्ग जांच के दौरान घटना दिनांक 14/01/2026 की रात्री करीब 09.30 बजे गंज वार्ड कुचबुन्दिया मोहल्ला सिवनी में मृतक साजिद खान के व्दारा गंज वार्ड निवासी एक युवती के साथ बुरी नीयत से छेडछाड करने की बात पर से युवती के परिजन भाई एंव रिश्ते के मामा के व्दारा झगडा विवाद कर साजिद खान को डंडे से मारपीट करने एवं घातक चोटे पहुचाने के कारण साजिद खान की इलाज के दौरान जिला चिकित्सालय सिवनी मे दिनांक 15/01/2026 को करीब 00.40 बजे मृत्यु होना पाई गई है।

थाना कोतवाली पुलिस के व्दारा मर्ग जांच उपरान्त प्रथम दृष्टतया आरोपियो के व्दारा हत्या का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपियो के विरुध्द अपराध क्र. 36/2026 धारा 103 (1), 3(5) बी.एन.एस.का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान थाना स्तर पर टीम गठित कर आरोपियो की तलाश पतासाजी की गई। प्रकरण मे आरोपियो सुरेन्द्र उर्फ कल्लु गढेवाल पिता गयाराम गढेवाल निवासी मानेगांव थाना डुण्डासिवनी एंव आरोपी राधेश्याम उर्फ क्रिस मानाठाकुर पिता कपिल मानाठाकुर निवासी गंजवार्ड सिवनी के व्दारा छेडछाड करने की बात पर से साजिद खान के साथ झगडा विवाद कर डंडो से मारपीट कर प्राणघातक चोटे पहुंचाकर हत्या कारित की गयी है। कार्यवाही में कोतवाली प्रभारी सतीश तिवारी, उनि दयाराम शरणागत, राहुल काकोडिया, दिनेश रघुवंशी, प्रआर. मुकेश गोडाने, नवीन तिवारी, सतीश इवनाती, प्रतीक बघेल विनय सेंगर, संतोष साहू, सुधीर डेहरिया, प्रदीप चौधरी, आरक्षक चालक इरफान की विशेष भूमिका रहीं।

